बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-283
09/09/2024

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बख्तियारपुर (करजान)–ताजपुर (समस्तीपुर) पुल का किया हवाई सर्वेक्षण, बख्तियारपुर–मोकामा फोरलेन पथ के निर्माणाधीन कार्य का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश, पटना जिले के 210.59 करोड़ रुपये की लागत से 16 योजनाओं का किया उद्घाटन तथा 199.48 करोड़ रुपये की लागत से 22 योजनाओं का किया शिलान्यास

पटना 09 सितम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज निर्माणाधीन बख्तियारपुर (करजान)–ताजपुर (समस्तीपुर) पुल का हवाई सर्वेक्षण किया।

हवाई सर्वेक्षण के बाद मुख्यमंत्री पटना जिले के करनौती के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन बख्तियारपुर–मोकामा फोरलेन पथ तथा उस पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बख्तियारपुर–मोकामा फोरलेन शुरू हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगा। इससे पटना से बख्तियारपुर होकर मोकामा, बरौनी, बेगूसराय और लखीसराय जाने में काफी आसानी होगी, लोगों को समय कम लगेगा और ईंधन की भी बचत होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन करजान–ताजपुर पुल के बन रहे संपर्क सड़क का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि करजान (एन0एच0–31) तथा ताजपुर (एन0एच0–28) के आपस में जुड़ जाने से एन0एच0–31 और एन0एच0– 28 का सीधा सम्पर्क हो जाएगा और उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार के बीच एक और संपर्कता बनेगी जिससे आवागमन में सहूलियत होगी। नालंदा, मुंगेर और नवादा की ओर से आनेवाले वाहनों को उत्तर बिहार जाने के लिये पटना आने की जरूरत नहीं होगी। ऐसे वाहन उत्तर बिहार आसानी से चले जाएंगे जिससे 60 किलोमीटर दूरी कम हो जाएगी।

इसके पश्चात् बेलछी पहुँचकर मुख्यमंत्री ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय भवन, बेलछी का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया और नवनिर्मित भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने 17.78 करोड़ की लागत से पटना जिला में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन बाढ़, मॉडल थाना भवन हवाई अड्डा एवं मॉडल थाना भवन सम्यागढ़ का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने 23 प्रखंडों में 11 हजार 285 मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट, 23 प्रखंडों में 122 पुस्तकालय, कुल 21 सामुदायिक भवन सह वर्क शेड, सतत् जीविकोपार्जन के लाभार्थी हेतु कुल 122 पशु शेड, 9 प्रखंडों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, ग्राम पंचायत–कराय में ग्रामीण हाट, मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना वर्ष 2023–24 अंतर्गत निर्मित 2 शेडनेट हाऊस, 19 आंगनबाड़ी केंद्र भवन और पटना जिला के विभिन्न प्रखंडों में 23 खेल मैदान का उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने

88.97 करोड़ रुपये की लागत से पटना जिला में 11 मॉडल थाना भवन और पटना जंक्शन सहित कुल 17 पुलिस भवनों का शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पटना जिलांतर्गत फतुहा थाना में 20 महिला सिपाही बैरक, सचिवालय थाना में 20 महिला सिपाही बैरक, नेऊरा थाना में 20 महिला सिपाही बैरेक और नौबतपुर थाना में 20 महिला सिपाही बैरक के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 720 शैय्या के राजकीय अंबेडकर अनुसूचित जाति +2 आवासीय विद्यालय, फुलवारीशरीफ एवं मसौढ़ी का निर्माण, जीविका के लिए 20 ग्राम संगठन भवन का निर्माण, सतत् जीविकोपार्जन के लाभार्थी हेतु कुल 900 नये पशु शेड का निर्माण, जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत 1911 सोकपिट एवं 103 छत वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण और विभिन्न प्रखंडों में 50 आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु भवनों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बेलछी प्रखंड परिसर में ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को 1 लाख 20 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया तथा 3469 जीविका समूहों को 55 करोड़ 30 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही धनरुआ एवं नौबतपुर जीविका भवन की चाबी जीविका दीदियों को सौंपी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने हाथीदह, मोकामा में एन0एच0–31 के फोर बाई सिक्स लेन औंटा–सिमरिया (गंगा नदी पर सिक्स लेन पुल सहित) परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्य का जायजा लिया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस परियोजना के संबंध में मुख्यमंत्री ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की समीक्षा के दौरान कहा कि इस नये पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से बेगूसराय की तरफ जाने के लिए लोगों को और सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि नये पुल और पुराने पुल से जब उस तरफ लोग पहुंचेंगे तो वाहनों की संख्या अधिक होने से जाम की समस्या उत्पन्न हो सकती है इसको ध्यान में रखते हुए बेगूसराय की ओर 10 कि0मी0 एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखें। इससे बेगूसराय की ओर जानेवाले लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी और उन्हें किसी प्रकार के जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मरांची में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्‌घाटन किया और नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ श्री ललन सिंह, विधायक श्री ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, महानिदेशक सह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप पुड्डकल कट्टी, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबरे, पटना प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक, जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक सह बिहार राज्य पुल विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी भी उपस्थित थे।

******